**खबर संक्षेप**

## निराश्रित गौवंशों के लिए रखवाए गए नाद, दिया गया प्रशिक्षण



**शहडोल।** उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग डॉ. आर.के. पाठक सहित चिकित्सक एवं गौ सेवको ने गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए पशु कल्याण विभाग कामधेनु भवन के सामने गौवंशो के लिए पानी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए नाद रखवाएं गए। साथ ही गर्मी के मौसम में पशुओं की देखभाल करने एवं उपचार संबंधित चिकित्सक एवं गौसेवकों को प्रशिक्षण भी दिया गया। उप संचालक पशु डॉ. आर.के. पाठक ने बताया कि निराश्रित गौवंशों के लिए जिले के सभी ब्लॉक स्तर के पशु अस्पताल के बाहर नाद के माध्यम से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर पशु चिकित्सक डॉ. दिलीप प्रजापति, डॉ. अशोक सिंह, डॉ. के.पी.पनिका डॉ. दीपक पाण्डेय, गौ सेवक गौरव मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व गौ सेवक उपस्थित थें।

### भेड़चाल चल रही नगर की यातायात व्यवस्था, आवाजाही असुरक्षित

# हाइवे पर अघोषित बस स्टैण्ड, मुख्य मार्गों पर वाहनों का जमावड़ा

शहडोल।

संभागीय मुख्यालय की यातायात व्यवस्था में आज भी भेड़चाल ही दिखाई पड़ रही है। न तो सडक़ों की आवाजाही व्यवस्थित है और न ही पार्किंग की व्यवस्था ढंग की है। जगह-जगह अघोषित बस स्टैंण्ड संचालित नजर आते हैं। मुख्य मार्गों पर वाहनों का जमावड़ा सा नजर आता है। चौराहों के सिग्नल लगभग एक साल से बंद पड़े हैं। ज्ञातव्य है कि विकास के साथ नगर की भीड़ और आबादी बढ़ी है, वाहनों की संख्या भी दिनोदिन बढ़ती जा रही है, लेकिन उस अनुरूप व्यवस्थाएं नहीं की जा रहीं हैं। प्रशासन व पुलिस विभाग, यातायात समिति की बैठकों में चिंता जता कर निश्चिंत हो जाता है। नगर में आए दिन घटनाएं होतीं है और लोग चोटिल होते हैं, फिर भी सुधारों की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

### अघोषित बस स्टैण्ड चल रहे

मुख्यालय में बाणगंगा तिराहा, गल्ला मंण्डी, बस स्टैण्ड आदि सहित कई स्थानों पर मानो अघोषित बस स्टैण्ड संचालित हो रहे हैं। बाणगंगा तिराहा जहां से रीवा अमरकंटक राजमार्ग व नेशनल हाइवे 43 की आवाजाही चलती है, यहां रीवा की ओर जाने वाली बसें रोकी जातीं हैं, सवारी बैठाए जाते हैं और सडक़ पर भीड़ लगी रहती है। इसी तरह पाली रोड पर तहसील के समीप कटनी की ओर जाने वाली बसें रुकती हैं, यहां नेशनल हाइवे की आवाजाही है, 24 घंटे मल्टीएक्सल ट्रक व भारी वाहन गुजरते हैं, यहां सडक़ों की भीड़ से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। आटो रिक्शा वालों का तो कहना ही क्या, वे कहीं भी भीड़ लगा कर खड़े हो जाते हैं। खास तौर पर इनका अड्डा गल्ला मण्डी है। इनकी भीड़ के कारण लोगों को आने-



जाने में तकलीफ होती है। मुख्यालय प्रशासन ने आज तक इन अव्यवस्थाओं की ओर ध्यान नहीं दिया है।

### मुख्य मार्गों पर वाहनों का जमावड़ा

न्यू गांधी चौक, सब्जी मण्डी में तो वाहनों की कोई व्यवस्था है ही नहीं, आधी सडक़ घेर कर वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, यही नहीं मेन रोड पर नर्मदा गैस एजेंसी के समीप सडक़ पर एक डाक्टर की अस्पताल के सामने दिन भर वाहनों का हुजूम आधी सडक़ को घेरे रहता है, यहां आए दिन वाहनों में भिड़ंत होती है, लोग चोटिल होते हैं। पाण्डवनगर की ओर जाने वाली मॉडल सडक़ों पर बैंक से लेकर पालीटेक्रिक कालेज के समीप तक वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। कान्वेट स्कूल के वाहन आधी सडक़ घेर लेते हैं, छुट्टी के समय सैकड़ों वाहन यहां सडक़ पर खड़े रहते हैं। इन पर कोई अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। इसी तरह जयस्तंभ और तहसील के आस-पास भी वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है, इस पर कोई अंकुश नही लगाया जा रहा है। यातायात समिति में विचार विमर्श के बाद सडक़ सुरक्षा असहाय सी छोड़ दी जाती है।

### सिगनल बंद पड़े, भर्रा मचा है

नगर में एक अर्से से चौराहों के सिग्नल बंद पड़े हैं। यहां अब पुलिस भी तैनात नहीं रहती है, चौराहों की आवाजाही भी नियंत्रण के बाहर है कोई भी कहीं से वाहन लेकर घुस पड़ता है, सिगनल का संचालन नगरपालिका के जिम्मे था नगरपालिका अपनी इस जिम्मेदारी को नहीं निभा पा रही है। जब तक ट्राफिक सिगनल काम करते थे और चौराहों पर पुलिस रहती थी, तब तक चौराहों की आवाजाही में एक अनुशासन दिखाई पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। नगरपालिका जनहित में ट्राफिक सिगनलों का संचालन भी नहीं कर पा रही है। इस संबंध में अभी तक उसने कोई स्पीष्टीकरण भी नहीं दिया है। बताते हैं कि सिगनलों के संचालन का व्यय उसे मंहगा प्रतीत हो रहा है, सिंगनल संचालित करने वाला ठेकेदार असंतुष्ट है। नगरपालिका के एक कर्मचारी ने बताया कि सिगनलों की मरम्मत कराई जानी है।

### न भाड़ा तय हुआ, न स्टैण्ड बने

आटो रिक्शा चालकों के लिए आज तक न तो भाड़े का निर्धारण हुआ और न इनके लिए स्टैण्ड की व्यवस्था की गई। जबकि संभाग बनने के समय यह तय हुआ था कि आटो वाहनों के लिए दो स्टैण्ड बनाए जाएंगे और इनका रूट तय किया जाएगा। आटो रिक्शा नगर में कहीं भी भीड़ लगाकर खड़े हो जाते हैं। चलते-चलते बीच सडक़ पर अचानक रुक कर सवारी ढूंढने लगते हैं। इससे आवाजाही में गतिरोध उत्पन्न होता है और दुर्घटना का खतरा पैदा हो जाता है। जबकि आटो वालों के लिए भाड़े का निर्धारण कर रुट तय किए जाने चाहिए। भाड़े की सूची बस स्टैण्ड, रेलवे, अस्पताल, अदालत आदि जैसे भीड़ भरे सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख चौराहों में लगाई जानी चाहिए। आज भी सडक़ों की आवाजाही में आटो वाले सवारियों के साथ अभद्रता करते हैं और मनमानी पैसा वसूलते हैं।

# व्यवहार से आधा ठीक हो जाता है मरीज: मनीषा
## औचक निरीक्षण पर मेडिकल कॉलेज पहुंची विधायक








शहडोल।

बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाओं को लेकर लगातार शिकायतें आती रहती है, स्थानीय महिला विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने लगातार आ रही शिकायतों की पुष्टि करने के लिए बुधवार को बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में टीम के साथ दस्तक दी। जयसिंहनगर महिला विधायक ने मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया, विधायक ने वार्डन तथा अन्य कार्यालयों, कक्ष के साथ ही साफ-सफाई का निरीक्षण किया तथा रसोई कक्ष का निरीक्षण किया, जहां गुणवत्ता को लेकर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टॉफ से कहा कि मरीजों से अच्छा व्यवहार करें, क्योंकि अच्छे व्यवहार से मरीज आधा ठीक हो जाता है। विधायक ने मेडिकल कॉलेज को दो एम्बुलेंस देने की बातें कहीं, इसके अलावा मेडिकल कॉलेज में रेडियोलॉजी के अलावा ब्लड बैंक जल्द शुरू करने के निर्देश दिये।

### प्रबंधन के साथ की बैठक

बीते दिनों श्रीमती मनीषा सिंह रेलवे स्टेशन शहडोल पहुंची थी



और वहां चल रहे शहडोल रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया और उसमें हो रही देरी पर चिंता जताई तथा ठेकेदार आदि को फटकार भी लगाई थी। मेडिकल कॉलेज को लेकर भी लगातार आमजनों की शिकायत किसी से छुपी नहीं है, मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के द्वारा की जा रही मनमानी और आमजनों को छोटी-छोटी बातों के लिए हो रही परेशानी आदि शिकायतों के लगातार आने के बाद विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने इसे गंभीरता से लिया और नगर भाजपा के अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी और अन्य भाजपा नेता व प्रबुद्धजनों के साथ बिना मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को सूचना दिए, वहां जा पहुंची, मेडिकल कॉलेज के औचक निरीक्षण के दौरान विधायक ने मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों एवं अन्य स्टॉफ के साथ बैठक कर मरीजों से अच्छे व्यवहार के साथ ही भाजपा की केन्द्र एवं राज्य से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

### मरीजों का जाना हाल

श्रीमती मनीषा सिंह ने मरीज से मुलाकात कर उनका कुशल छेम जाना और उन्हें मिल रही सुविधाओं के संदर्भ में भी पूछा । गौरतलब है कि शहडोल स्थित बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में प्रदेश सरकार और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा प्रतिमाह करोड़ों रुपए भेजे जा रहे हैं, जो बजट और वेतन के नाम पर यहां पहुंचते हैं, मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के नाम भी करोड़ों रुपए खर्च होता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कितना लाभ मिलता है, इन सभी स्थितियों को जानने और समझने के लिए पहले श्रीमती मनीषा सिंह ने मरीज से मुलाकात की और उसके बाद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से भी इस संदर्भ में व्यापक चर्चा की।

### अंतिम छोर के व्यक्ति को मिले लाभ

श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश की मोहन यादव की सरकार और केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार का उद्देश्य अंतिम छोर में बैठे ग्रामीण भाई-बहनों का लाभ पहुंचाना है और उन्हें उनका हक और केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा भेजा गया लाभ उन तक पहुंचे इसकी निगरानी करना हमारा काम है, उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज से लगातार इस तरह की बातें सामने आ रही थी, जिससे सरकार की छवि खराब होती है, हालांकि निरीक्षण के दौरान ऐसा कोई भी बड़ा तथ्य सामने नहीं आया, बावजूद इसके उन्होंने छोटी-मोटी समस्याओं को तत्काल निराकरण करने और व्यवस्था में और सुधार लाने की चर्चा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से की है।

# सीईओ ने दो सचिव को किया निलंबित

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने रमाकांत गौतम, पंचायत सचिव ग्राम पंचायत देवरा, संतोष सिंह, पंचायत सचिव ग्राम पंचायत मसूरपानी जनपद पंचायत करकेली को म.प्र. पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम 4 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय जनपद पंचायत करकेली नियत किया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

**बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित** - मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा गत दिवस ग्राम पंचायत देवरा का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान रमाकांत गौतम, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत देवरा अनुपस्थित पाये गये। क्षेत्रीय जन, सरपंच व ब्लाक समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)



द्वारा बताया गया कि रमाकांत गौतम, ग्राम पंचायत देवरा में पदस्थापना के बाद से लगातार बिना पूर्व सूचना के पंचायत में अनुपस्थित रहते है। जिससे ग्राम पंचायत के हितग्राही मूलक कार्य एवं सभी भुगतान एवं योजना के कार्य प्रभावित हो रहे है। सचिव रमाकांत गौतम को अपने पदीय दायित्वों में घोर लापरवाही, उदासीनता एवं स्वेच्छाचारिता को दोषी पाया गया है।

**सचिव नहीं करते थे फोन रिसीव** - सरपंच ग्राम पंचायत मसूरीपानी द्वारा कार्यालय में उपस्थित होकर अवगत कराया गया कि संतोष सिंह पंचायत सचिव ग्राम पंचायत मसूरपानी में पदस्थ होने के बाद से लगातार अनुपस्थित रहते है व फोन किये जाने पर श्री सिंह द्वारा फोन भी रिसीव नहीं किया जाता है। शिकायत की जांच शिवम भट्ट, सहायक विकास विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत करकेली से कराई गई। श्री भट्ट द्वारा अपने प्रतिवेदन में लेख किया गया है कि सचिव संतोष सिंह विगत 15 दिवसों से पंचायत में अनुपस्थित है, जिस कारण से ग्राम पंचायत के हितग्राही मूलक कार्य एवं सभी भुगतान एवं योजना के कार्य प्रभावित हो रहे है। सचिव संतोष सिंह को अपने पदीय दायित्वों में घोर लापरवाही, उदासीनता एवं स्वेच्छाचारिता को दोषी पाया गया है। जो म.प्र. पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 03 के विपरीत है।

## 11 मार्च को नि:शुल्क न्यूरो स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शहडोल।** जिला मुख्यालय में स्थित जिला चिकित्सालय में 11 मार्च की सुबह 10 बजे से 5 बजे तक नि:शुल्क विशाल न्यूरो स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। वेदांश न्यूरो स्पाईन मल्टीस्पेशियेलिटी हॉस्पिटल कटनी के चेयरमैन न्यूरो सर्जन डॉ. निखलेश तिवारी ने बताया कि उनके द्वारा अलग-अलग स्थानों पर लगातार नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने इस बार शहडोल को चुना है। जिसमें न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से नि:शुल्क मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि हमारा उद्देश्य हमेशा सेवा भाव का रहता है। इसी उद्देश्य से शहडोल वासियों के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में भारी संख्या में लोग इस शिविर में शामिल हो।

**इन रोगों के लिए मिलेगा परामर्श**
उन्होंने बताया है कि इस शिविर में मुख्य रूप में गर्दन दर्द, स्पाइनल फ्रैक्चर, माइग्रेन (सिर दर्द), मानसिक तनाव, लकवा, एक्सीडेंट, दिमाग की चोट, ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन

# चोरों ने सूने घर को फिर बनाया निशाना

शहडोल।

जिले में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं, लेकिन पुलिस इन पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। ताजा मामला अमलाई थाना क्षेत्र का है, जहां एक सूने घर का ताला तोडक़र चोरों ने लाखों की चोरी को अंजाम दिया। चोर 8 तोला सोना, 1 किलो चांदी और 50 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गए। घटना रावल मार्केट, अमलाई थाना क्षेत्र की है। रंगलाल नापित अपने परिवार के साथ गोरखपुर में एक विवाह समारोह में गए थे। इस दौरान चोरों ने घर को सूना पाकर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और अंदर घुस गए। इसके बाद अलमारी का लॉकर तोडक़र उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर और नगद रकम चोरी कर ली। जब पड़ोसियों ने घर का दरवाजा खुला देखा, तो उन्होंने परिवार को सूचना दी। घर लौटने के बाद परिवार ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस



ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, चोरी लगभग 10 लाख रुपये से अधिक की बताई जा रही है। अमलाई थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। बीते दिनों पुलिस ने दो छोटी चोरियों का खुलासा किया था, लेकिन बड़ी चोरी के मामलों को सुलझाने में असफल रही है। अमलाई थाना प्रभारी ने क्षेत्र में नियमित गश्त और नाइट पेट्रोलिंग का दावा किया था, लेकिन लगातार हो रही चोरी की वारदातों ने इन दावों की पोल खोल दी है। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोग अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित और डरे हुए हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। लेकिन लगातार हो रही घटनाओं से अमलाई थाना क्षेत्र की पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों की मांग है कि सुरक्षा के इंतजाम और कड़े किए जाएं ताकि अपराधियों पर लगाम लग सके।

# वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाने लगाई गुहार



शहडोल।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के ग्राम अमझोर निवासी गोरेलाल रैदास ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए बताया कि उनके पिता रमेश अहिरवार मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ नहीं है, उनकी दिमागी हालत खराब रहती है तथा रमेश अहिरवार की उम्र लगभग 75 वर्ष पूर्ण हो चुकी है। किंतु अभी तक उनको वृद्धा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उनका कहना था कि उनके पिता रमेश अहिरवार को वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाया जाए। जिस पर कलेक्टर डॉ.केदार सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शिकायत की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में शहडोल नगर के वार्ड नंबर 12 निवासी सोमबाई वंशकार पति राम चरण वंशकार ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत हुआ था। किंतु अभी तक उन्हें आवास बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्तों का भुगतान नहीं किया गया है। उनका कहना था कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्तों का भुगतान किया जाए। जिस पर कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहडोल की ओर आवेदन प्रेषित कर शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनसुनवाई में राजस्व से संबंधित,सीएम किसान, खाद्य, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विभाग सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनके निराकरण हेतु कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।



## जमीन से बेदखल न करें साहब

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम जमुनिहा के दर्जनों लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि आराजी खसरा नंबर 8,9,10, 11, 12 म.प्र. शासन राजस्व विभाग की भूमि है, लेकिन फरियादियों के पूर्वज द्वारा श्रम व पूंजी लगाकर मेढ़, मिट्टी डलवाकर उक्त भू-खण्ड को कृषि योग्य बनाकर काश्तकारी करते चले आ रहे हैं और उक्त खसरा नंबर पर रिहायसी मकान के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण भी हो चुका है, ऐसी स्थिति में यदि उक्त वर्णित आराजियों को जल संसाधन एव वन विभाग को दे दिया जायेगा तो, फरियादी बेघर होकर दर-दर भटकने को मजबूर होंगे, साथ ही मासूम बच्चों का भविष्य भी अंधकार मय हो जायेगा। पूर्व में ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच एवं रोजगार सहायक द्वारा भी उक्त जानकारी नहीं दी गई कि उक्त खसरा नंबर की भूमि जल संसाधन एवं वन विभाग के सुपुर्दगी में दिया जाना सुनिश्चित हुआ है, फरियादियों ने बताया कि हम अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत गोड़ एवं खैरवार जाति के हैं, जो अत्यंत गरीब है।

# डेढ़ माह बाद भी हजारों किसानों का रूका भुगतान
## 6153 किसानों का करोडों बकाया, आंदोलन की चेतावनी

**शहडोल।** दो माह बाद भी हजारों किसानों के साथ ही खरीदी करने वाली समितियों का करोड़ों रुपए का भुगतान नहीं हुआ है, जिसको लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। खरीदी के लिए समिति प्रबंधकों ने आयोजित प्रशिक्षण का बहिष्कार कर दिया है, वहीं किसानों ने भी आंदोलन की हुंकार भरते हुए 7 मार्च से सडक़ पर उतरने की चेतावनी दे डाली है। खरीफ सीजन की फसलों के उपार्जन का कार्य एनसीसीएफ नामक नई नवेली एजेंसी को दिया जाना किसानों के लिए परेशानी का कारण तो बना ही, साथ ही शासन-प्रशासन के लिए गले की हड्डी बन चुका है। धान खरीदी कार्य बंद होने के डेढ़-दो माह बाद भी हजारों किसानों के साथ ही खरीदी करने वाली समितियों का करोड़ों रुपए का भुगतान नहीं होने से आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। खरीदी के लिए समिति प्रबंधकों ने आयोजित प्रशिक्षण का बहिष्कार कर दिया, वहीं किसानों ने भी आंदोलन की हुंकार भरते हुए 7 मार्च से सडक़ पर उतरते हुए आंदोलन की चेतावनी दे डाली है। किसानों और समिति प्रबंधकों की



नाराजगी इस बात को लेकर भी है कि स्थानीय स्तर से लेकर भोपाल तक शासन-प्रशासन द्वारा उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिले में 6153 किसानों का लगभग 109.84 करोड़ रुपया का भुगतान बकाया है। वहीं खरीदी केंद्रों का 9-10 करोड़ रुपए का कमीशन एवं प्रासंगिक व्यय बकाया है।

**कंपनी के सर्वेयरों द्वारा परेशान-** रबी विपणन में गेहूं उपार्जन कार्य के लिए 4 मार्च को कलेक्ट्रेट में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। बैठक में शामिल होने पहुंचे समिति प्रबंधकों ने शुरुआत में ही पिछला साहित मौजूदा धान उपार्जन कमीशन की बात रखी। संतोषजनक आश्वासन नहीं मिलने के बाद सभी लोग प्रशिक्षण बैठक से उठकर बाहर चले गए। समिति प्रबंधकों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि उनका विरोध इसलिए है क्योंकि पिछले सीजन में की गई गेहूं खरीदी का कमीशन तो बकाया है ही, इस साल धान खरीदी का भी एक पैसा भुगतान नहीं किया गया है। इसी कमीशन की राशि से कंद्रों में लेबर पेमेंट सहित अन्य प्रकार की व्यवस्थाओं का खर्च होता है। जिन समितियों ने परिवहन का कार्य किया उनका भुगतान भी लटका है। ब्यौहारी में समितियों को परिवहन का अलग से 55 लाख के विरुद्ध केवल 14 लाख ही दिया गया। कंपनी के सर्वेयरों द्वारा परेशान किया गया सो अलग। इसी प्रकार भुगतान नहीं मिलने से किसानों द्वारा उन्हें आकर परेशान किया जा रहा है। प्रबंधकों का कहना था कि समस्या को लेकर पहले कलेक्टर से मिलकर चर्चा करेंगे, इसके बाद आगे क्या करना है तय करेंगे।

**तालाबंदी के साथ उग्र आंदोलन-** किसानों ने भी आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। प्रशासन को दी गई अंतिम चेतावनी की समय सीमा समाप्त होने के बाद भुगतान के लिए किसान 7 मार्च से आंदोलन करेंगे। भारतीय किसान संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने प्रशासन को आगाह करते हुए चेतावनी दी है कि 7 तारीख को घेराव के बाद 10 मार्च को एनसीसीएफ एवं कलेक्टर कार्यालय में तालाबंदी के साथ उग्र आंदोलन किया जाएगा। किसी भी अप्रिय स्थिति के लिए प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा। किसानों का कहना है कि राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ एनसीसीएफ को इस साल धान बेचकर किसान हलाकान हैं। प्रशासन के साथ कई दौर की चर्चा उपरांत भी किसानों को उनकी उपज एवं खरीदी केंद्रों के प्रासंगिक व्यय का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। जिससे किस्तें न भर पाने के कारण कई किसानों के ट्रैक्टर फाइनेंस कंपनी ने खींच लिए, कई किसानों को बेटियों के विवाह की तारीखें आगे बढ़ानी पड़ीं।

## खबर संक्षेप

### जनपद सीईओ निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण



**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर एवं सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी ने गत दिवस करकेली विकासखण्ड के ग्राम महरोई एवं किरनताल कला में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होनें आँगनवाड़ी भवन, आवास एवं अन्य कार्यों निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में किया जाए । निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए । निरीक्षण के दौरान खंड स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने थाना नौरोजाबाद उमरिया के अपराध क्रमांक 55/2025 137 (2) बी एन एस के आरोपी पर पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है । इनाम वितरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक जिला उमरिया का अंतिम निर्णय होगा ।

### नगर में जगह-जगह हो रही अवैध गैस रिफिलिंग

**कोतमा।** नगर में अनेक जगह घरेलू गैस का उपयोग कर गैस रिफिलिंग की जा रही है।इस अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर में घरेलू गैस का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है।नगर के भीड़ भरे इलाकों धडल्ले से घरेलू गैस भरी जा रही है। जगह-जगह खुले अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर का धंधा फल फूल रहा है।इस अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर मैं कहीं किसी भी दिन बड़ा धमाका हो सकता है,जिसके कारण जान - माल की हानि भी हो सकती है। शायद स्थानीय प्रशासन किसी बड़े हादसा का इंतजार कर रहा है,तब कहीं जाकर इन अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर पर अंकुश लग पावेगा। पूर्व में प्रशासन एवं पुलिस विभाग के द्वारा छापा मार कार्यवाही की गई थी जिसमें भारी मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडर एवं रिपेयरिंग का सामान बरामद किया गया था । स्थानीय नगर वासियों ने नगर और क्षेत्र में फल फूल रहे अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर पर कार्यवाही की मांग प्रसाशन व पुलिस विभाग से की है।

### ढ़ाई महीने बाद भी लापता किशोर का नहीं चला पता

**ढीमरखेड़ा।** बिहरिया से देवरी पाठक वापस आने के लिए निकले नाबालिग का ढ़ाई महीने बाद भी कही पता नहीं चला। जिससे परिजन और रिश्तेदार परेशान है। हासिल जानकारी के मुताबिक उमरियापान थाना क्षेत्र के देवरी पाठक निवासी राजकुमार पटेल का 17 वर्षीय पुत्र सागर पटेल बीते 28 दिसम्बर को घर से साइकिल में ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के बिहरिया गांव रिस्तेदारी में गया था। दूसरे दिन 29 दिसम्बर को सागर खाना खाने के बाद साइकिल से देवरी पाठक घर जाने के लिए निकला।लेकिन वह घर तक नहीं पहुँचा। परिजनों ने आसपास सहित रिश्तेदारों से संपर्क किया,लेकिन नाबालिग का कही भी पता नहीं चला।परिजनों ने ढीमरखेड़ा पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि पुलिस प्रकरण दर्ज कर नाबालिग की तलाश में जुटी है।बाजार, स्टेशनों,गांवों सहित जगह जगह पुलिस ने तलाश किया, लेकिन कही भी नाबालिग का पता नहीं चला।

### अलग अलग स्थानों से धरे गए आधा दर्जन जुआरी

**कटनी।** कोतवाली, एनकेजे एवं उमरियापान पुलिस ने जुआ खेल रहे जुआरियों पर कार्यवाही की है। फड़ से जुए की रकम जब्त करते हुए उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली ने मुखबिर की सूचना पर शाम के समय सब्जी मंडी गली नंबर 02 से सुदम खटीक निवासी मघई मंदिर के पीछे अल्फर्टगंज, सुशील खटीक व वीरु खटीक निवासी कैलवारा खुर्द को जुआ खेलते हुए रंगेहाथ पकड़ा। जिनके पास से 280 रुपए एवं फड़ से 270 कुल 550 रुपए जब्त किए। इसी प्रकार एनकेजे थाने की पुलिस ने दोपहर के समय चुनकाई मोहल्ला आम के पेड़ के नीचे जुआ खेल रहे मोहन लाल चौधरी, रघुवीर चौधरी एवं विनोद चौधरी सभी निवासी पडरिया को पकड़ा है

# नेशनल लोक अदालत में नगर पालिका के प्रकरणों में छूट के दिशा-निर्देश जारी

**उमरिया।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में मार्च 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में नगरीय निकाय के प्रकरणों में संपत्ति कर अधिभार, जल उपभोक्ता प्रभार, जलकर के सरचार्ज में निर्धारित शर्तो के साथ छूट दी जायेगी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया ने नागरिकों से लोक अदालत में विभिन्न करों के अधिभार में मिलने वाली छूट का लाभ लेने की अपील की है । संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार तक बकाया होगी, उसमें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक तथा एक लाख रूपये तक बकाया है, उनमें अधिभार में 50 प्रतिशत तक और संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि एक लाख रूपये से अधिक बकाया होगी, उनमें मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। जल उपभोक्ता प्रभार/जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राषि 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार तक बकाया होगी, उनमें मात्र अधिभार में 75 प्रतिषत तक और जल उपभोक्ता, प्रभार/जलकर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये से अधिक बकाया होगी, उनमें मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह छूट नेशनल लोक अदालत के लिये ही मान्य होगी और मात्र एक बार ही दी जायेगी। नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत आपराधिक, सिविल, विद्युत, चेक बाउंस, वैवाहिक, बैंक रिकवरी एवं अन्य प्रकार के समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत की जानकारी के लिये कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया में संपर्क किया जा सकता है।

# पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं एवं बालिकाओं को दिये स्वास्थ्य संबंधी टिप्स



### एकदिवसीय कौशल उन्नयन प्रशिक्षण संपन्न

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के मुख्यम आतिथ्य में रण विजय कॉलेज उमरिया में एक दिवसीय कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बालिकाओं एवं महिलाओं को अपने सेहत एवं साफ-सफाई पर ध्यान देने योग्य विशेष विंदुओं पर चर्चा करते हुये महत्वपूर्ण बाते बताई । इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर कलसी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास दिव्या गुप्ता, महिला थाना टीआई अरूणा व्दिवेदी, महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी , एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं रण विजय कॉलेज की छात्राएं उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में बालिकाओं एवं महिलाओं को मेंस्टुअल कप वितरित किये गये ।

### कलेक्टर ने हिमांशु तिवारी व खुशी सेन को प्रदान किया प्रमाण पत्र

**उमरिया।** राष्ट्रीय युवा संवाद योजना भारतीय लोकतंत्र एक्शन में भागीदारी सुनिश्चित करने पर संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा डिजिटल प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था। इसी क्रम में उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में हिमांशु तिवारी व खुशी सेन को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि राष्ट्रीय युवा संसद योजना (एनवाईपीएस) 2.0 का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करना, अनुशासन की स्वस्थ आदतें विकसित करना और दूसरों के विचारों के प्रति सहिष्णुता पैदा करना तथा छात्र समुदाय को संसद की प्रथाओं और प्रक्रियाओं के बारे में जानने में सक्षम बनाना और संसद के कामकाज के बारे में उनका ज्ञान बढ़ाना है।इस दौरान हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,लष्मी महोबिया व सभी उपस्थित रहे।

# बिना परमिट के दौड़ रही बस जप्त



**उमरिया।** परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन मे जिला परिवहन अधिकारी द्वारा गत दिवस वाहन क्रमांक एमपी 54 पी 0249 बस को ताला मानपुर मार्ग पर बिना टैक्स बिना परमिट, बिना फिटनेस एवं बिना प्रदूषण वैध दस्तावेजों के संचालित होने जप्त कर थाना कोतवाली उमारिया मे सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। इसके साथ ही 85 वाहनों को चेक किया गया जिसमे 13 वाहनों पर बिना प्रदूषण, बिना फिटनेस, बिना परमिट, 1 ओवरलोड वाहन पर चालानी कार्यवाही कर 71500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया, एवं 1 बस वाहन से बकाया टैक्स के रूप में 174336 रुपये का टैक्स जमा कराया गया वित्तीय वर्ष का आखरी माह होने से कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# 13 मार्च को होलिका दहन तो 14 को मनाया जायेगा रंग पर्व

**कोतमा।** शास्त्रों में इसे एकता और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना गया है। कहते हैं होली का पर्व लोगों के मन में प्रेम और विश्वास को बढ़ाने का अवसर है। इस दिन सभी पुराने गिले शिकवे को दूर करते हुए, एक दूसरे को गले लगाकर इस स्नेह भरे पर्व को मनाते हैं। वहीं होली से एक दिन पहले होलिका दहन करने की भी परंपरा है, जिसे आत्मा की शुद्धि और मन की पवित्रता से जोड़ा जाता है। पंचांग की मानें तो हर साल फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि की शाम को होलिका दहन किया जाता है, जबकि अगले दिन रंगों की होली मनाई जाती हैं। परंतु इस बार होली की तिथि को लेकर लोगों में असमंजस बना हुआ है।

### कब है होली

पंडित अमन पाण्डेय के अनुसार इस बार पूर्णिमा तिथि 13 मार्च को सुबह 10 बजकर 35 मिनट से शुरू हो रही है। इसका समापन 14 मार्च को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर होगा। ऐसे में 13 मार्च को होलिका दहन है और इसके अगले दिन यानी 14 मार्च को रंगों की होली मनाई जाएगी।

### होलिका दहन का शुभ मुहूर्त

पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि इस साल होलिका दहन का मुहूर्त 13 मार्च को रात 11 बजकर 26 मिनट से लेकर 12 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। ऐसे में आप इस अवधि में होलिका दहन कर सकते हैं।

### शुभ योग

पंचांग के अनुसार होलिका दहन पर पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के साथ धृति योग बन रहा है। वहीं होली के दिन यानी 14 मार्च को उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र के साथ-साथ शूल योग का भी निर्माण होगा। ऐसे में पूजा पाठ करने से जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती हैं।

# जिले के 318 शिक्षकों को मिला प्रथम क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग, जबलपुर द्वारा जिले के 318 विकास खण्ड के शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए क्रमोन्नति, समयमान-वेतनमान का प्रावधान किया गया है। कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर द्वारा जारी आदेश में जिला शिक्षा अधिकारी, द्वारा माध्यमिक शिक्षक संवर्ग के लोक सेवकों की क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृति हेतु प्रस्तुत प्रस्तावों का विभागीय पदोन्नति, छानबीन समिति की बैठक 28 फरवरी के परीक्षणोंपरान्त की गई अनुशंसा उपरान्त नवीन शैक्षणिक संवर्ग में माध्यमिक शिक्षक पद पर जिले से 318 लोकसेवकों को 01 जुलाई 2018 अथवा इसके पश्चात पात्रता तिथि को 12 वर्ष की सेवा पूर्ण होने प्रथम क्रमोन्नत वेतनमान छठवें वेतनमान रुपये 9300-34800 ग्रेड पे-3600 एवं सातवें वेतनमान 36200-114800 लेबल -09 की शर्तों के अधीन स्वीकृत किया गया है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, आहरण संवितरण अधिकारी, संकुल प्राचार्य, संस्था प्रमुख संबंधित लोक सेवक की मूल सेवा अभिलेख से मिलान कर यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित माध्यमिक शिक्षक को जिस तिथि से क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत है, उक्त तिथि को उनके द्वारा प्रथम नियुक्ति होने के समय संस्था, शाला में कार्यभार ग्रहण दिनांक से निरन्तर 12 वर्षो की सेवा पूर्ण की गई है, ताकि सेवा में व्यवधान अनाधिकृत अनुपस्थिति अवधि सम्मिलित नहीं है। संबंधित लोक सेवकों की अनाधिकृत अनुपस्थिति अवधि के कारण काम नहीं दाम नहीं के आधार पर वेतन भुगतान न किया गया हो अथवा सक्षम अधिकारी के द्वारा आज की तिथि तक लोक सेवक की अनुपस्थित अवधि का निराकरण नहीं किया गया है तो ऐसे प्रकरणों में क्रमोन्नति का लाभ दिए जाने से पूर्व लोक सेवक की अनुपस्थित अवधि का परीक्षण कर उक्त अनुपस्थित अवधि के नियमानुसार निराकरण हेतु सक्षम अधिकारी को उचित माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों सहित प्रसताव भेजकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

किसी भी प्रकार की विपरीत स्थिति पाए जाने पर क्रमोन्नति का लाभ नहीं देते हुए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश ताकि संबंधित लोक सेवकों को प्रदाय की गई क्रमोन्नति निरस्त की जा सके। लोक सेवक के विरुद्ध किसी भी प्रकार की विभागीय जांच लंबित, अनुशासनात्मक कार्यवाही तथा वेतन वृद्धि रोकने इत्यादि शास्ति प्रभावशील नहीं है, इसकी पुष्टि संबंधित लोक सेवकों के सेवा अभिलेखों एवं कार्यालयीन अभिलेख से करने के निर्देश दिए गए है यदि संबंधित लोक सेवक के विरुद्ध न्यायालय में आपराधिक प्रकरण, विभागीय जाँच प्रचलित हो अथवा माननीय न्यायालय या अनुशासनिक अधिकारी द्वारा प्रकरण के निराकरण में उन्हें दोषी पाये जाने के फलस्वरूप दंडित किया गया हो तो क्रमोन्नति का लाभ नहीं देते हुए उनके संबंध में तथ्यात्मक प्रतिवेदन सुसंगत दस्तावेज के साथ क्रमोन्नति आदेश निरस्तीकरण के लिए तत्काल कार्यालय को सूचित करने के निर्देश दिए गए है।

संबंधित लोक सेवक को लाभ देने के पूर्व उनकी मूल पद पर प्रथम नियुक्ति होने पर कार्यभार ग्रहण तिथि की पुष्टि मूल सेवा अभिलेखों से करने तथा पात्र लोक सेवक का वेतन निर्धारण कर भुगतान करने के पूर्व संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा का अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत ही क्रमोन्नत वेतनमान का वास्तविक लाभ दिया जायेगा। शासन निर्देशानुसार जिन पात्र कर्मचारियों ने उच्च पदों पर पदोन्नति लेने से या पदोन्नति पद पर जाने से इंकार किया है। वे कर्मचारी क्रमोन्नति योजना के पात्र नहीं होंगे। उन्हें उक्त योजना का लाभ प्राप्त नहीं होगा, के संबंध मे संबंधित के सेवा अभिलेख परीक्षणोंपरान्त नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

**गोद ग्राम कुंआ में नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का समापन**

# रैली, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक गतिविधियों से ग्रामीणों किया गया जागरूक एवं प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, प्रियंका तोमर एवं डॉ रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुआं में संचालित हो रहा है। साथ ही शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत के सरपंच सत्यवती सिंह, पूर्व सरपंच प्रहलाद सोनी उपसरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, सतीश विश्वकर्मा, कैश अंसारी, पुष्पलता विश्वकर्मा, शंकर सिंह, स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।



कार्यक्रम के शुरुआत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह द्वारा शिविर प्रतिवेदन के माध्यम से बताया गया कि स्वयंसेवको ने सात दिन तक प्रभात फेरी, योग एवं व्यायाम, श्रमदान एवं परिसर साफ सफाई, स्वच्छता, नशा मुक्ति, जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा साक्षरता, महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल संरक्षण, बाल विवाह, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता, मतदाता जागरूकता, पोषण, रक्तदान एवं एड्स जागरूकता, यातायात आदि विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली, नुक्कड़ नाटक, सर्वेक्षण कार्य आदि गतिविधियों में सहभागिता कर लोगों को प्रेरित करने का कार्य किया। कार्यक्रम के अगले चरण में डॉ जगदीश गुप्ता, पी. डी. ताम्रकार, पूर्व सरपंच प्रहलाद सोनी आदि अतिथियो ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन कर समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। तथा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने कार्यक्रम अधिकारियों को शिविर के सफल संचालन एवं समापन पर बहुत बहुत शुभकामनाएं देते हुए स्वयंसेवको को और अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

अगले चरण में प्राचार्य एवं उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा शिविर में सहभागिता करने वाले स्वयंसेवको का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को मेडल, पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

### शहर में जहां पर हैं समस्याएं वहां पर नहीं हो रही कार्यवाही



शहर की अराजक यातायात व्यवस्था किसी से छिपी नहीं है। व्यस्तम बाजार क्षेत्रों से लेकर तिराहे, चौराहा तक अस्थायी अतिक्रमण की जद में है लेकिन इस समस्या को दूर करने के लिए कभी कार्यवाही नहीं होती है। मंगलवार को यातायात पुलिस ने पुराने कोतवाली भवन की सुरक्षा दीवार से हाथ ठेला लगाकर फल कारोबार करने वाले फल कारोबारियों को हटाया गया। हालांकि इस क्षेत्र में यातायात की ऐसी कोई समस्या नहीं है। अतिक्रमण कार्रवाई को लेकर जनचर्चाएं रही कि यातायात पुलिस को यहां कि बजाय सुभाष चौक से लेकर स्टेशन पहुंच मार्ग, गोल बाजार, झंडा बाजार, कपड़ा बाजार सहित तिराहे चौराहों में अस्थायी अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करनी चाहिए थी। शहर के अति व्यस्ततम मार्ग एवं क्षेत्र अस्थायी अतिक्रमण की जद में है लेकिन इनको हटाने की कार्यवाही नहीं की जा रही है। मंगलवार को यातायात पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही को लेकर सूबेदार राहुल पांडे ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी तथा शहर में जहां-जहां लोग सड़क पर कारोबार कर रहे हैं, उप पर कार्रवाई करके सड़कों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।

**परीक्षा के दौरान नकल के दो प्रकरण बनाए गए**

# 82 परीक्षा केन्द्रों में कक्षा 12वीं की भौतिक, अर्थशास्त्र एवं कृषि विषय की हुई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हायर सेकेण्डरी स्कूल की कक्षा 12वीं आयोजित भौतिक, अर्थशास्त्र एवं कृषि विषय की परीक्षा जिले के 82 परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई जिसमें से 10079 दर्ज छात्रों में से 9974 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, 105 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुये। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी सहित परीक्षा हेतु नियुक्त दलों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। मंगलवार को आयोजित परीक्षा के दौरान सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन, प्राचार्य आलोक पाठक के निरीक्षण दल ने परीक्षा केन्द्र मुरारी,



दशरमन, कछारगांव, सिलौंडी का आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संचालित होना पाई गई। किसी भी परीक्षा केन्द्र में बाहरी दबाव नहीं है। परीक्षा के दौरान व्यक्तिगत नकल के दो प्रकरण बनाए गए।

**जिला मुख्यालय सहित पंचायतों में जन सुनवाई आयोजित**

# स्थानीय स्तर पर समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर जिला मुख्यालय तक पहुंच रही शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कटनी नगर एवं जिले के दूरदराज क्षेत्रों से पहुंचे लोगों के आवेदनों पर धैर्यपूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन प्रेषित कर समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 130 आवेदन प्राप्त हुए।

मंगलवार को जिले भर में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी सहित ग्राम पंचायत सचिव , रोजगार सहायक, पटवारी एवं ग्राम पंचायत स्तरीय शासकीय कर्मचारियों की मौजूदगी रही। जनसुनवाई में ग्राम गैतरा निवासी कृषक सुनील कुमार पटेल ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनकी ग्राम जरवाही में स्थित भूमि के खसरा नंबर 154/3, 1121/3, 1292/2 एवं अन्य खरसे पंजीयन के दौरान नहीं दिखने तथा सर्वेयर आई.डी लागिन नहीं होने के कारण किसान पंजीयन करवानें में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर द्वारा सुनील की समस्या को सुनते हुए अधीक्षक भू अभिलेख डॉ राकेश कुमार को प्रकरण पर निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही के निर्देश दिए।

तहसील बड़वारा के ग्राम रोहनिया निवासी आवेदक शंकर लाल रजक द्वारा बताया गया कि उनका जन्म 1 मई 1965 को ग्राम रोहनिया में हुआ था। जानकारी के आभाव में जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवानें तथा विलंब होने के कारण शपथपत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया था जो खारिज कर दिया गया है। वर्तमान में जन्म प्रमाण पत्र की महती आवश्यकता होने की जानकारी दिये जाने पर कलेक्टर श्री यादव द्वारा एस.डी.एम बड़वारा को प्रकरण पर समय-सीमा में कार्यवाही करनें के निर्देश दिए।

### श्रम पदाधिकारी करें जांच

जनसुनवाई के दौरान तहसील विजयराघवगढ़ के ग्राम कैमोरी निवासी रविन्द्र कुमार सनाढ्य द्वारा अडानी ए.सी.सी अमेहटा प्लांट में कार्य के दौरान दुर्घटना में हाथ फैक्चर होने के कारण नौकरी से निकाले जाने तथा किसी भी तरह के भुगतान नहीं दिये जाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर शने श्रम पदाधिकारी को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा मुकेश कुमार सोनी के आवेदन पर सुनवाई करते हुए एस.डी.एम कटनी को ग्राम पंचायत बंडा बिछिया निवासी उनके बड़े भाई राकेश कुमार सोनी की वर्तमान अस्वस्थता और मेडिकल कॉलेज में चल रहे इलाज को दृष्टिगत रखते हुए पात्रता पर्ची अथवा अन्य किसी शासकीय योजनाओं का लााभ प्रदान करनें हेतु नियमानुसार परीक्षण की कार्यवाही करनें के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### रामेश्वर तीर्थयात्रा के लिए 200 यात्री आज होंगे रवाना

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत आज बुधवार 5 मार्च को जिले के 200 तीर्थयात्री भारत गौरव स्पेशल ट्रेन से दोपहर 2 बजे कटनी मुख्य स्टेशन से रामेश्वरम तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होंगे। तीर्थ यात्रा हेतु कटनी जिले के लिए 200 बर्थ आवंटित की गई है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत रामेश्वरम यात्रा हेतु शहरी क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी, आयुक्त नगर निगम जनपद पंचायतों व नगर पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सहित परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण कटनी को जिले के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित करने तथा चयनित यात्रियों को बुधवार 12 बजे तक मुख्य रेल्वे स्टेशन पर पहुंचने हेतु अपने स्तर से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने स्टेशन पर तीर्थ यात्रियों के स्वागत सत्कार की व्यवस्था करने सहित बैठक व्यवस्था, बैटरी युक्त माईक एवं साउण्ड, बैनर, हरी झंडी, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, टिकट वितरण करने एवं अन्य व्यवस्था कराने के निर्देश आयुक्त को दिए है।

### प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**कटनी।** शहर में मालवाहक वाहनों और भारी वाहनों का प्रवेश अब प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा ने इस संबंध में पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया है। इसके मुताबिक अब कटनी शहर में चाका-बाईपास, पीर बाबा-बाईपास, जुहला-बाईपास तथा पन्ना मोड़ से भारी वाहन एवं मालवाहक वाहनों के आवागमन को प्रतिदिन,प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिये वर्जित किया जाता है। यह व्यवस्था 25 मार्च तक प्रभावशील रहेगी। यह संशोधित आदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रीय शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड कक्षाओं की परीक्षाएं संचालित होने के फलस्वरूप परीक्षाओं के पेपर छूटने पर अचानक शहर में यातायात दबाव होने के कारण वाहन दुर्घटना एवं जनहानि की संभावनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से जारी किया गया है। पूर्व में जारी आदेश में कटनी शहर में चाका-बाईपास, पीर बाबा-बाईपास, जुहला-बाईपास तथा पन्ना मोड़ से भारी वाहन एवं मालवाहक वाहनों के आवागमन को प्रतिदिन, प्रातः 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिये ही वर्जित किया गया था। लेकिन अब कटनी शहर में भारी वाहन एवं मालवाहक वाहनों के आवागमन को प्रतिदिन, प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिये वर्जित कर दिया गया है।

### फार्मर रजिस्ट्री के मामले में कटनी टॉप टेन जिलों में शामिल

**कटनी** किसानों के फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया संपादन के मामले में कटनी जिला प्रदेश के दस अग्रणी जिलों में शामिल है। जिले में अब तक 1.25 लाख से अधिक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संपादित किया जा चुका है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को राजस्व अधिकारियों को इस कार्य में और अधिक तेजी लाने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाने के लिए 20 मार्च तक कैंपों का आयोजन कर किसानों की प्राथमिकता से फार्मर रजिस्ट्री कराया जाना सुनिश्चित हो। कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का निर्धारण एवं सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक कृषक भूस्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है। मार्च माह के उपरांत पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आई.डी का होना अनिवार्य किया गया है इस हेतु कलेक्टर श्री यादव ने समस्त पीएम किसान हितग्राहियों की फार्मर आई.डी बनाने हेतु कैम्प का आयोजन करने के दिशा-निर्देश कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने राजस्व अधिकारियों को दिए है।

आज यहां लगेगा कैम्प


जिले के अनुविभाग बहोरीबंद के

## पुलिस जांच में जुटी

# जोहिला नदी के छादा घाट में मिला युवक का शव

बिरसिहपुर पाली

उमरिया जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अन्तर्गत जोहिला नदी के छादा घाट में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही नौरोजाबाद और पाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त करवाई।



मृतक की पहचान कुरावर निवासी नवल सिंह के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, नवल सिंह बीते दिन ग्राम छादा के सरपंच दिलदार सिंह के घर आयोजित दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गया था। प्रारंभिक जांच में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि नवल सिंह ने जोहिला नदी पार कर ग्राम छादा तक का रास्ता तय किया था। संभवतः कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उसी रास्ते से लौटते समय वह किसी दुर्घटना का शिकार हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।गांव में इस घटना को लेकर शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी पूछताछ शुरू कर दी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि घटना कैसे हुई। वहीं, ग्रामीणों ने इस बात पर चिंता जाहिर की है कि नदी पार करने का यह असुरक्षित रास्ता कई लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।इस संबंध में नौरोजाबाद थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि जोहिला नदी से शव मिला है बताया जाता है कि किसी कार्यक्रम में आया हुआ था और नदी में गिर गया मौके पर पुलिस पहुंच गई है शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है आगे कि जांच की जा रही है।

## युवक से 15 हजार रूपए कीमती गांजा सहित एक्टिवा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बहोरीबंद पुलिस ने बाइक सवार एक युवक के पास से गांजा जब्त किया है। थाना प्रभारी बहोरीबंद निरीक्षक सुरेन्द्र शर्मा द्वारा बताया गया कि मातहत कर्मचारियों के साथ अभियान चलाकर वाहन चेकिंग के दौरान रुपनाथ रोड ग्राम पडरिया में एक्टिवा नं. MP21 ZA 3446 को चैक करने पर वाहन चालक सुशील पिता रामकृपाल पाण्डे 55 साल नि ग्राम सिमरिया थाना वि.गढ अपनी बाइक में मोहम्द खान पिता जब्बार खान 32 साल निवासी ग्राम टीकर को बैठाये जाता मिला जिन्हे चैक करने पर एक्टिवा मे पीछे बैठा मोहम्मद खान अपने हाथ मे एक सफेद रंग के थैला के अंदर 1 किलो 360 ग्राम मादक पदार्थ गांजा रखे पाया गया। जब्त गांजा 15000 रुपये कीमती बताया गया है। चालक सुशील पाण्डे के कब्जे से मादक पदार्थ परिवहन मे प्रयुक्त की गई एक्टिवा नं. MP21 ZA 3446 को जप्त कर आरोपियो के विरुध्द 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

इसी तरह अलग अलग लोगों से अवैध शराब भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार सीताराम पटेल 40 साल निवासी नयागांव के कब्जे से 17 पाव देशी मदिरा प्लेन, संतोष पिता गोरेलाल गडारी 35 साल निवासी ग्राम बचैया के कब्जे से 05 लीटर कच्ची महुआ शराब, मनोज लोधी पिता मारु सिंह लोधी 50 साल नि.उमरधा के कब्जे से 21 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब जप्त किया गया है। तीनो आरोपियो के विरुध्द धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। कार्यवाही में सुरेन्द्र शर्मा, अजय सिंह बैस, मोनेन्द्र सिंह की भूमिका रही।

## एसबीआई की शाखा अमलाई में केवाईसी के लिए एक माह से चक्कर काट रहे खाताधारक

अमलाई।




भारतीय स्टेट बैंक इन दिनों अपनी बेहतर सर्विस के लिए प्रयास कर रही है कि उसके खाताधारकों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए बैंक खाताधारकों से फीडबैक भी लिया जा रहा है किन्तु सर्विस को लेकर जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है खाताधारक बैंक के चक्कर काटने को मजबूर है। फिर भी उनके काम नही हो रहे है जिसके कारण किसी का पेंशन या अन्य शासकीय कार्यों में बाधा आ रही है।

बता दे कि भारतीय स्टेट बैंक की शाखा अमलाई में इन दिनों लचर व्यवस्था से लोग परेशान हो चुके है और क्षेत्र में दूसरे प्रतिद्वंद्वी बैंक स्थापित होने के कयास लगाए जा रहे है। क्योंकि इन दिनों बैंक में राशि के निकासी और जमा के अलावा और कोई भी काम नही हो रहा है लोग अपने काम को करवाने के लिए लंबी दूरी तय करके बैंक तो जाते है किंतु उन्हें अभी काम नही होगा का जवाब सुनकर वापस लौटना पड़ता है। खाताधारकों को अपने खाते में केवाईसी और डीबीटी करवाने के लिए बैंक के चक्कर काटने पड़ रहे है फिर भी काम नही हो रहा है जहां एक ओर शासन की सभी योजनाओं और कार्यों के लिए बैंक खाते में केवाईसी और डीबीटी की आवश्यकता होती है जिससे सभी कार्य रुक जाते है किंतु बीते एक माह से भारतीय स्टेट बैंक की शाखा अमलाई में केवाईसी और डीबीटी का कार्य बंद है जिससे लोगो को परेशानी हो रही है। लोगो से चर्चा की गई तो बताया गया कि बैंक में कहा जाता है कि स्टाफ की कमी के कारण कार्य नही हो रहे है बैंक की इस प्रकार की लचर व्यवस्था से खाताधारकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है फिर भी बैंक प्रबंधन द्वारा अपनी व्यवस्थाओं में कोई सुधार नही किया जा रहा है।

**इनका कहना**

यूआईडीएआई का सर्वर अपडेट का कार्य चल रहा है इस कारण से समस्या है सोमवार से खाताधारकों को सुविधाएं मिलने लगेगी।

**विकास गुप्ता,**
**शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा- अमलाई**

## अवैध शराब के अड्डों पर आबकारी पुलिस ने दी दबिश

# 13 प्रकरण दर्ज कर 72 लीटर शराब जब्त

बुढार।



बुधवार को अवैध मदिरा संधरण के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर आबकारी व्रत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब बरामद की गई है।

कलेक्टर डॉ केदार सिंह के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप के मार्गदर्शन में आबकारी पुलिस ने व्रत क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब के ठिकानों पर छापे मार कार्यवाही कर 13 प्रकरण दर्ज कर 72 लीटर कच्ची शराब जब्त करने की सफलता अर्जित की है।

आबकारी उप निरीक्षक सुनील सिंह चंदेल ने बताया कि वार्ड क्रमांक 7 निवासी दीपक चौधरी के घर से 5 लीटर, सुनीता चौधरी 7 लीटर, वार्ड क्रमांक 6 मधु वंशकार के घर से 5 लीटर मुन्ना वंशकार 5 लीटर, ग्राम पकरिया आकाश चौधरी 3 लीटर, राम निवास चौधरी 5 लीटर, लल्लू चौधरी 5 लीटर, इसके आलावा ग्राम छांता से उषा के कब्जे से 5 लीटर,दीना नाथ ठीमर के यहां से 12 लीटर, ग्राम विक्रमपुर प्रेम लाल के कब्जे से 5 लीटर ग्राम लालपुर चंद्रवती के कब्जे से 5 लीटर कुल 72 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त कर 13 प्रकरण आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(A) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।इस धरपकड़ अभियान में मुख्य आरक्षक प्रकाश मरावी, आरक्षक शोभा रानी का सराहनीय सहयोग रहा।

## महाकुंभ में 5 लाख 63 हजार लोगों को किया दवा वितरण: त्रिवेदी



**शहडोल।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद् के आयाम हिंदू हेल्प लाइन के केन्द्रीय महामंत्री हेमन्त त्रिवेदी का प्रवास जिले के नगर केंद्र शहडोल, बुढ़ार ,धनपुरी में हुआ, जहां उन्होंने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ में 01 करोड़ 40 लाखों तीर्थ यात्रियों को भोजन, चाय, ठंड में गर्म पानी, पीने का पानी, ठंड से बचने के लिए कंबल वितरण, निशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर में 563000 तीर्थ यात्रियों को दवा वितरण सेवा का कार्य डॉ. प्रवीण तोगडिय़ा के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद् ने किया है। प्रवास के दौराना श्री त्रिवेदी ने कहा की अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद् द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में एक लाख हनुमान चालीसा केंद्र चलाने का संकल्प लिया गया है, जिसे हम सभी हिंदू समाज मिल कर पूर्ण करेंगे। साथ ही इंडिया हेल्थ लाईन व हिंदू हेल्पलाइन लाइन के माध्यम से करोड़ों हिंदुओं को निःशुल्क बी.पी.,शुगर का टेस्ट, संपूर्ण भारतवर्ष में हिंदू हेल्पलाइन के माध्यम से स्वास्थ्य, सुरक्षा व सम्मान हेतु कटिबद्ध रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद् आयाम के हिंदू हेल्पलाइन के केंद्र महामंत्री हेमंत त्रिवेदी, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद् के महाकौशल प्रांत महामंत्री रमेश त्रिपाठी , राष्ट्रीय बजरंग दल महाकौशल प्रांत के महामंत्री शक्ति सिंह चंदेल, मजदूर परिषद् महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष आर.के.सिंह गहरवार, राष्ट्रीय बजरंग दल संभाग के उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह गहरवार, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद् शहडोल जिले के महामंत्री देवेन्द्र अनुरागी, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला शहडोल के कार्यकारणी अध्यक्ष मेहुल श्रीवास्तव ,जिले से मंत्री सुभाष जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी विकास सचदेव सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान किया।

## 15 दिन में नगर पालिका में जमा करें बकाया

**शहडोल।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद शहडोल अक्षत बुंदेला ने पत्र जारी कर कहा है कि नगरपालिका परिषद शहडोल के स्वामित्व के भवन, भूमियो, दुकानो के किरायेदार नगरपालिका शहडोल के स्वामित्व के भवन, भूमि, दुकान मासिक किराये पर आवंटित है तथा उनका मासिक किराया 03 माह से अधिक समय अवधि का बकाया है, वे समस्त बकाया भुगतान 15 दिवस के भीतर कर के रसीद प्राप्त कर लेवे अन्यथा बकायेदारो की सूची का प्रकाशन विभिन्न सार्वजनिक स्थलो पर होर्डिंग के माध्यम से सोशल मीडिया के माध्यम से तथा समाचार पत्रो के माध्यम से कराते हुए दुकान में ताला बंदी की कार्यवाही कर दुकान नगरपालिका परिषद शहडोल दुकान के कब्जे में ले ली जावेगी एवं म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 164,167,170 के सुसंगत प्रावधानो के तहत वसूली की कार्यवाही की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित बकायेदार की होगी।

## मंत्री द्वारा जनता को भिखारी कहे जाने के खिलाफ कांग्रेस ने की पत्रकार वार्ता

शहडोल।



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पत्रकारवार्ता आयोजित कर प्रदेश की भाजपा सरकार और सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता को भिखारी बताये जाने की ओछी मानसिकता, घृणात्मक-निकृष्ट सोच और भाजपा सरकार की महिला, किसान, युवा और जनविरोधी नीतियों के विरोध में मीडिया के समक्ष जनता की आवाज को बुंदल करने का निर्णय कांग्रेस पार्टी द्वारा लिया गया है। इसी तारम्यम में शहडोल मे पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश की जनता को भिखारी कहें जाने पर सवाल उठाते हुए उसके मुखिया और मंत्रियों पर निशाना साधा गया। पत्रकारवार्ता के दौरान कांग्रेसी पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने 20 वर्षों में प्रदेश को बदहाली असुरक्षा और अपमान के गर्त में धकेल दिया है। अब तो हालत यह हो गये है कि जनता को भगवान बताकर वोटे बटोरने वाली भाजपा सरकार अब महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों, युवाओं, विद्यार्थियों और दिव्यांगजनों को अब भिखारी बता रही है। समाज के कमजोर वर्गों को उनका हक नहीं मिल रहा, 4-4, 6-6 महीने से वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और विकलांग पेंशन लंबित है। बीजेपी सरकार बुजुर्गो और दिव्यांगजनों के अधिकारों को भीख कहकर उनका अपमान कर रही है। भाजपाराज में जनता की बदहाली की भयानक तस्वीर प्रदेश में सामने आयी है। महिलाओं का अपमान कर उनका अधिकार छीनने की साजिश की जा रही है। सत्ता पाने के लिए लाड़ली बहना योजना के तहत 3000 रूपये देने का वादा करने वाली भाजपा ने लालच देकर उन्हें पहले 1000 रूपये दिये, 1,250 रूपये दिए और अब धीरे-धीरे योजना से अपात्र बताकर महिलाओं को वंचित किया जा रहा है, उनका भविष्य अंधकार में डुबोया जा रहा है। महंगाई और बेरोजगारी के कारण महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के लिए संघर्ष कर रही हैं, लेकिन भाजपा सरकार उन्हें 'भिखारी' बताकर उनका मनोबल तोडऩे में लगी है।

भाजपा सरकार और मंत्री प्रह्लाद पटेल जवाब दें कि वह महिलाओं को सशक्त बनाने के बजाय उनका अपमान क्यों कर रहे हैं? भाजपा सरकार में गरीब, किसान, छात्र, दिव्यांग और बुजुर्गों की समस्याओं का समाधान कब होगा ? भाजपा बतायेगी कि 20 साल में मध्य प्रदेश को गरीबी और भ्रष्टाचार के अलावा क्या दिया ? जब प्रदेश की 1 करोड़ 29 लाख बहनों ने अपनी मेहनत की कमाई पर अधिकार मांगा, तो सरकार में बैठे पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रह्लाद पटेल और उनकी पार्टी ने उन्हें भिखमंगा कहकर अपमानित किया। क्या महिलाओं को उनके अधिकार मांगने पर अपमानित किया जाएगा? मुख्यमंत्री मोहन यादव और मंत्री प्रहलाद पटेल बताये कि भाजपा सरकार ने यदि प्रदेश को विकसित बना दिया होता तो टोकना भर-भर कर आवेदन लेकर जतना उनके सामने अपना हक और अधिकार मांगने के लिए क्यों जाती ?

कांग्रेस पार्टी बीजेपी सरकार के इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगी। जनता के हक और अधिकारों के लिए कांग्रेस पार्टी निणार्यक लड़ाई लड़ेगी। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी द्वारा 6 मार्च 2025 को ब्लाक स्तर पर मप्र शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला दहन किया जायेगा, जिसमें ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों सहित ब्लाक, मण्डलम एवं सेक्टर के पदाधिकारीगण और कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। वहीं 8 मार्च को कांग्रेस के जिला प्रभारी-सहप्रभारी, विधायक, विधानसभा प्रत्याशियों एवं कांग्रेसजनों की मौजूदगी में जिला मुख्यालयों पर धरना एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मंत्री प्रहलाद पटेल से इस्तीफे की मांग की जायेगी। आगामी 10 मार्च को मप्र कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में मप्र किसान कांग्रेस द्वारा राजधानी भोपाल में प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन आयोजित किया गया है। वहीं 11 से 15 मार्च तक कांग्रेस के मोर्चा संगठन / विभागों के अध्यक्षगणों द्वारा मप्र शासन के विभागीय मंत्रियों से विभाग संबंधी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जायेगा। पत्रकारवार्ता में मुख्य रूप से प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉक्टर अशोक मार्सकोले, प्रदेश सचिव अजय अवस्थी, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, जैतपुर विधानसभा प्रत्याशी उमा धुर्वे, जयसिंहनगर विधानसभा प्रत्याशी नरेंद्र सिंह मरावी उपस्थित रहे।



## जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने ई.व्ही.एम वेयर हाउस, स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते सहित निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रहीं। कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद और चौकस मिले। कलेक्टर श्री यादव ने कर्मचारियों के ड्यूटी रजिस्टर का भी अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### भाजपा जिलाध्यक्ष का कोतमा विस में 7 से 9 मार्च तक चलेगा संपर्क अभियान




अनूपपुर। भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम का जिले के सभी मंडल क्षेत्र में प्रथम दौरा कार्यक्रम एवं नवनिर्वाचित बूथ अध्यक्षों से कार्यकर्ताओं से मिलन समारोह का कार्यक्रम लगातार किया जा रहा है। अनूपपुर विधानसभा के समस्त मंडल में कार्यक्रम के पश्चात दिनांक 7 मार्च को दोपहर 12:00 बजे राजनगर ग्रामीण मंडल स्थान ग्राम चोड़ी पोड़ी के सामुदायिक भवन में कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है इसके बाद दिनांक 7 मार्च को शाम 4:00 बजे बिजुरी मंडल स्थान डाकियो के सामने भवन में कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित किया गया है। दिनांक 8 मार्च दोपहर 12:00 बजे कोतमा ग्रामीण मंडल स्थान सामुदायिक भवन निगवानी में कार्यक्रम किया जाना है दिनांक 8 मार्च शाम 4:00 बजे कोतमा नगर मंडल स्थान मंगल भवन कोतमा में कार्यक्रम किया जाना है। 9 मार्च दोपहर 3:00 बजे राजनगर मंडल स्थान मधुबन क्लब राजनगर में कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित किया गया है, कार्यक्रम में मंडल में निवासरत समस्त जिला पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष सहित मंडल पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। भाजपा के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### एक सप्ताह से स्टेट बैंक का ई कॉर्नर एटीएम बंद, लोग परेशान



अनूपपुर। एक सप्ताह से स्टेट बैंक का ई कॉर्नर एटीएम बंद होने से लोग परेशान है। उपभोक्ताओं को पासबुक एंट्री करने, पैसा जमा करने व निकालने में बैंक मे लंबी लाइनों पर खड़े होना पड रहा है। ई कॉर्नर एटीएम होने के बाद भी लोगों को इसका फायदा नहीं मिला पा रहा है। मजबूरन बैंकों में लाइन लगाकर खाते से रुपए निकालने, जमा करने पर पासबुक प्रिंटिंग के लिए मैनुअल तरीके का सहारा लेना पड़ रहा है। मशीनों में खराबी के बाद ग्राहक कई दिनों तक सुधरने का इंतजार करते रहते हैं। बैंक प्रबंधन का कहना है कि संबंधित कंपनियों के इंजीनियर ही खराबी दूर सकते हैं, जबकि बैंक प्रबंधन हमेशा त्वरित ग्राहक सेवा का वादा करते हैं।

### अतिथि शिक्षकों के मानदेय को लेकर विधायक के नेतृत्व में कांग्रेस किया प्रदर्शन



अनूपपुर। विगत 07 माह से अतिथि शिक्षकों को मानदेय,वेतन न मिलने के संबंध में कांग्रेस कमेटी ने 5 मार्च को सहायक आयुक्त कार्यालय में तालाबंद आंदोलन की चेतावनी दी थी। उसी तारतम्य में पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पांडे एवं अनेकों कांग्रेस जन सहायक आयुक्त कार्यालय में प्रदर्शन करने के लिए धरने पर बैठे एवं ताला बंद करने की चेतावनी भी दी थी। जिसको लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए थे।जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पांडे द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ अंतर्गत कार्यरत विभिन्न विद्यालयों प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल, उ.मा.वि.में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को विगत 07 माह से मानदेय, वेतन नहीं मिल रहा है। अतिथि शिक्षकों को परिवार के पालनपोषण हेतु मानदेय ही एक मात्र सहारा है, परन्तु विगत 07 माह से वेतन न मिलना चिन्ताजनक है। पुष्पराजगढ़ विधायक के नेतृत्व में कांग्रेस जन धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। जिसके बाद स्वयं सहायक आयुक्त प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर पुष्पराजगढ़ विधायक को लिखित में पत्र दिया। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि 4 मार्च को अतिथि शिक्षक प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के मानदेय में आवंटन तथा 5 मार्च को हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डी में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के मानदेय में आवंटन प्राप्त हुआ है जिसके देयक कोषालय में प्रस्तुत कर दिये गये है तथा उक्त मानदेय का भुगतान 05 दिवस में कर दिया जायेगा। जिसके बाद कांग्रेस ने अपना धरना प्रदर्शन स्थगित किया।

## मंत्री प्रहलाद पटेल के बिगड़े बोल से नाराज कांग्रेस

# विवादित बयान को लेकर कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा

### 6 मार्च को कांग्रेसी पूरे प्रदेश में करेंगे विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन

अनूपपुर।






मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने मंत्री प्रहलाद पटेल के विवादित बयान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को अनूपपुर में कांग्रेस के जिला प्रभारी सुखेंद्र सिंह बन्ना ने कांग्रेस भवन पत्रकार वार्ता में कहीं। उन्होंने मंत्री के बयान को गरीबों, किसानों, महिलाओं और बुजुर्गों का अपमान बताया। कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि भाजपा सरकार के खिलाफ यह लड़ाई केवल विरोध प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सड़क से लेकर सदन तक इस मुद्दे को उठाया जाएगा। इसके पूर्व जिला कांग्रेस ने पार्टी जिला अध्यक्ष रमेश सिंह एवं पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को के नेतृत्व में किसानों को धान उपार्जन वर्ष 2025 की राशि 23 करोड़ का भुगतान ब्याज सहित तत्काल कराये जाने एवं अन्य मांगो को लेकर कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार के सामने धरना प्रदर्शन किया, जिस पर जिला प्रशासन के संबंधित विभाग व धान खरीदी करने वाली निजी एजेंसी ने लिखित आश्वासन देते हुए कहा कि एक सप्ताह में जिले के किसानों का भुगतान कर दिया जायेगा। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पांडे के नेतृत्व में जनजाति कार्य विभाग के 737 अतिथि शिक्षकों का 3 करोड 66 लाख मानदेय 8 माह से नहीं मिलने को लेकर जनजाति कार्य विभाग कार्यालय में तालाबंदी करने पहुंचे जहां विभाग ने लिखित आश्वासन देते हुए कहा कि 4 मार्च को प्राथमिक एवं माध्यमिक एवं 5 मार्च को हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी के अतिथि शिक्षकों के वेतन का आवंटन प्राप्त हुआ है, जिसे पांच दिवस के अंदर कर दिया जाएगा, वहीं वन विभाग ने जिले के बाहर के मजदूरों से पौधारोपण के लिए लाखों की संख्या में कराए गए गठ्ठों की 3 माह से अधिक समय के बाद भी मजदूरी भुगतान तत्काल कराये जाने की मांग पर पर वन विभाग के अधिकारी ने आश्वासन दिया किन्तु खबर लिखे जाने तक भुगतान की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी थी। आंदोलन में जिला कांग्रेस ने पार्टी जिला अध्यक्ष रमेश सिंह एवं पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को, आशीष त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल रहे। जिला प्रभारी सुखेंद्र सिंह बन्ना ने कांग्रेस ने भाजपा हाईकमान से मंत्री प्रहलाद पटेल के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा 6 मार्च को पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन किया जायेगा, इसके बाद भी प्रदेश भर में आंदोलन जारी रहेगा। जिला मीडिया प्रभारी अशोक मर्सकोले ने कहा कि सत्ता में रहने से भाजपा नेताओं की मानसिकता बदल गई है। वे जनता को उनका हक देने के बजाय उन्हें भिखारी साबित करने में लगे हैं। उन्होंने सवाल किया कि अगर लाड़ली बहना योजना की राशि भीख नहीं है, तो अन्य योजनाओं पर ऐसी टिप्पणी क्यों की जा रही है। प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और विकलांग पेंशन महीनों से लंबित हैं। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश सिंह एवं पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पांडे, पूर्व विधायक सुनील सराफ, मंयक त्रिपाठी, ललन सिंह सेवादल के एहसान अली अंसारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदेशभर में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शनकांग्रेस ने भाजपा सरकार और मंत्री प्रहलाद पटेल के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने की घोषणा की है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि 6 मार्च को प्रदेशभर में ब्लॉक स्तर पर मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला दहन किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, मंडलम व सेक्टर प्रभारी, विधायक, विधानसभा प्रत्याशी सहित कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके अलावा जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे और मंत्री के इस्तीफे की मांग करेंगे। इसके बाद 10 मार्च को भोपाल में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी कांग्रेसपूर्व विधायक सुनील सराफ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने साफ कर दिया है कि भाजपा सरकार के खिलाफ यह लड़ाई केवल विरोध प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सड़क से लेकर सदन तक इस मुद्दे को उठाया जाएगा। कांग्रेस ने 11 से 15 मार्च तक प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागीय मंत्रियों से विभागीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने का भी ऐलान किया है। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस पार्टी जंगी प्रदर्शन करेगी और मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा मंत्री प्रहलाद पटेल के इस्तीफे की मांग करेगी। मंत्री प्रह्लाद पटेल के बयान से कांग्रेस को मैदान में उतरने का सुनहरा मौका मिल गया है। कांग्रेस नेता ने कहा अगर समाज की राजनीति करनी है तो इस्तीफा दो। दूसरी तरफ भाजपा अपने मंत्री के बचाव में उतर आई है। पटेल खुद सफाई देते हैं, 'मैंने यह बात अपने समाज के बीच कही थी, इसे तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है। मैं अपने बयान पर कायम हूं।

## बिना सर्वे गाड़े जा रहे 33 केवी के खंबे पर सरपंच ने कलेक्टर से की शिकायत

अनूपपुर।

जिले के अनूपपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत परासी के सरपंच राधा सिंह ने अनूपपुर कलेक्टर तथा जिला पंचायत सीईओ व विद्युत विभाग अनूपपुर को लिखित शिकायत दी है जिसमें उन्होंने लिखा है कि बिना सर्वे कराये विद्युत विभाग के द्वारा रोड के किनारे - किनारे 33 केवी के खंबे गाड़े जा रहे हैं। इन खभों की वजह से कई ग्रामीणों के घर के ऊपर 33 केवी तार जाने का डर बना हुआ है तथा गड़े हुए खंभे के सामने आने वाले फलदार आम के बगीचो के हरे भरे पेड़ को ठेकेदार के द्वारा काटा जा रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। पत्र में सरपंच ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि 33 केवी लाइट बिछाने के लिए आज तक किसी प्रकार का कोई सर्वे नहीं हुआ है न ही ग्राम पंचायत से किसी प्रकार का उक्त विभाग के द्वारा एनओसी लिया गया है इसलिए सर्वे के उपरांत ही कार्य को आगे किया जाए जिससे ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।


कार्यालय ग्राम पंचायत परासी

### इनका कहना है

जो भी कार्य किया जा रहे हैं जनता के हित में किये जे रहे हैं।
**अरूणेन्द्र प्रसाद मौर्य, कार्यपालन अभियंता**

## साइलेंसर से पटाखे की आवाज छोड़ने वाले 'बुलेट राजाओं' पर कार्यवाही की दरकार

# वाहनों में हूटर लगाकर सायरन बजाने वालों पर सख्त नहीं प्रशासन

### पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद भी सुस्त यातायात पुलिस

अनूपपुर।



बाइक की तेज रफ्तार और आवाज वाले साइलेंसर से लोग परेशान हैं। दोपहिया वाहनों में लगे तेज आवाज का साइलेंसर इन दिनों लोगों के लिए सिरदर्द बन गया है। युवा दोपहिया वाहनों में तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर सड़कों में बेधड़क तेजी से वाहन दौड़ा रहे हैं, लेकिन ऐसे वाहन चालकों पर कार्यवाही नहीं होने से मनमानी बढ़ती जा रही है। इसके कारण ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है। कुछ वाहन चालक नाबालिग भी है। युवा वर्ग दोपहिया वाहनों में मॉडिफाई करवाकर तेज और ज्यादा आवाज निकालने नए साइलेंसर लगवा रहे हैं।

### हॉर्न के शोर को इतने डेसीबल करने का दिया सुझाव

शहर में प्रेशर हार्न के कारण सबसे ज्यादा मरीज और छात्र परेशान हैं, आज शहर के हर मुख्य मार्ग पर बड़े-बड़े वाहन और बाइक में इसका उपयोग हो रहा है। मरीज के परिजन इस मामले में शिकायत भी नहीं कर पाते, क्योंकि प्रेशर हार्न का उपयोग करने वाले कहीं भी गाड़ी ले जाकर इसका उपयोग कर रहे हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने हॉर्न के शोर को 100 डेसीबल से कम करने का सुझाव दिया था, विशेषज्ञों का कहना है कि 8 घंटे तक 93 डीबी से अधिक ध्वनि के संपर्क में रहने पर कानों की सुनने की क्षमता को नुकसान हो सकता है। हरिभूमि ने कई बार इस समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया लेकिन प्रशासन व पुलिस तथा यातायात विभाग के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण ऐसे वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं और नगर में लोग ऐसे वाहन चालकों से परेशानी का सामना कर रहे हैं।

### बेखौफ बज रहे हूटर

वर्तमान में नगर में कई ऐसे चार पहिया वाहन है जिसमें हूटर लगाकर सायरन बजाते हुए देखा जा सकता है। हूटर लगे वाहनों से सायरन की आवाज नागरिकों को तो सुनाई देती है लेकिन प्रशासन को यह न दिखाई देता है और न ही सुनाई देता है जिसके कारण ऐसे वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन को अभियान चलाकर वाहन में हूटर लगाकर सायरन बजाती गाड़ियों एवं वाहन चालक के साथ ही वाहन स्वामी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किए जाने की नागरिकों ने मांग की है।

### ठोस कार्यवाही की दरकार

पूर्व में जिला मुख्यालय में दिखावे के लिए यातायात पुलिस ने बुलेट राजाओं को सबक सिखाने के लिए कुछ कार्यवाही थी, लेकिन वह नाकाफी था। जिस कारण आज भी जिला मुख्यालय समेत जिले भर मे ऐसे वाहनों की भरमार है। क्या यातायात विभाग ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करेगी यह नागरिकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। ज्ञात हो कि आजकल बुलेट बाइक में कंपनी फीटेड साइलेंसर को निकालकर तेज साउंड बनाने वाला साइलेंसर युवाओं के बीच काफी ट्रेंड में है। जिससे वे फायर साउंड निकालने की कोशिश करते हैं।

### पुलिस मुख्यालय का भी आया आदेश

पुलिस मुख्यालय भोपाल के उपपुलिस महानिरीक्षक ने निजी वाहनों में हूटर, फ्लेश लाईट, व्हीआईपी स्टीकर एवं गलत नम्बर प्लेट का दुरूपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का एक आदेश 1 मार्च को जारी किया है। जिसमे लेख किया गया है कि प्रदेश में मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के विरूद्ध निजी वाहनों में हूटर, वाहन के ऊपर फ्लेश लाईट (लाल, पीली, नीली बत्ती), वाहन पर VIP स्टीकर चस्पा करना एवं गलत नम्बर प्लेट के मामले विगत कुछ समय से लगातार बढ़ते जा रहे है। इस प्रकार उल्लंघनकर्ता वाहनों पर कार्यवाही न करने से ऐसे वाहन चालकों को प्रोत्साहन मिल रहा है। इन अनाधिकृत वाहनों के विरूध्द प्रभावी कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है। दुरूपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही कर कार्यवाहियों का पालन प्रतिवेदन समयावधि में चाहा गया है।

## जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में विकास कार्यो के क्रियान्वयन की समीक्षा

# जिपं. पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय मुद्दों पर सदन का आकृष्ट कराया ध्यान



अनूपपुर।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन तथा एजेन्डा बिन्दु के संबंध में जानकारी दी। बैठक के निर्धारित एजेन्डा बिन्दु पर चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, सदस्य श्रीमती यशोदा कोदू सिंह, सुश्री भारती केवट, श्रीमती किरण चौधरी, श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह, रामजी रिन्कू मिश्रा, भूपेन्द्र सिंह, नर्मदा सिंह, दरोगा सिंह, रंजीत सर्राटी तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला पंचायत के पदाधिकारियों ने सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत जिले के विकासखण्डों में पदस्थ बीआरसी, बीएसी के नियुक्ति के संबंध में दिशानिर्देशों से अवगत कराया तथा नवीन शैक्षणिक सत्र तक पुर्ननियुक्ति संबंधी कार्यवाही किए जाने की बात कही। बैठक में जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत पथरौड़ी के बालिका छात्रावास में पदस्थ अधीक्षिका के प्रभार के संबंध में जानकारी के संबंध में वस्तुस्थिति से सदन को अवगत कराया गया। जिला खनिज प्रतिष्ठान अंतर्गत शासन के विभिन्न प्राथमिकता के कार्यों के स्वीकृति, चयन के दिशानिर्देशों तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत/चयनित कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक में जिला पंचायत के पदाधिकारियों को ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायक के स्थानांतरण के संबंध में शासन के दिशानिर्देशों से अवगत कराया गया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह एवं नर्मदा सिंह, रामजी रिन्कू मिश्रा ने पीएमजीएसवाई अंतर्गत बसाहटों के सम्पर्कता सर्वे के तहत अपने क्षेत्रांतर्गत सुदूर बसाहट के सम्पर्क मार्ग हेतु प्रस्ताव दिए गए। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत लांघाटोला, पुरगा, खजुरवार, मोंहदी, रमईटोला में ग्रेवल मार्ग के सुधार कार्य के संबंध में मांग रखी गई। सदस्य रामजी रिन्कू मिश्रा एवं नर्मदा सिंह ने ओवर लोड खनिज परिवहन पर रोक लगाने की कार्यवाही किए जाने की मांग की। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रगतिरत निर्माण कार्यों की जानकारी सहायक आयुक्त द्वारा दी गई। सदस्य नर्मदा सिंह, भुवनेश्वरी सिंह ने अपने क्षेत्रांतर्गत अधूरे निर्माण कार्यों तथा कार्य की गुणवत्ता के संबंध में अवगत कराया। बैठक में सीएम राईज विद्यालय भवन निर्माण की जानकारी तथा डीएमएफ अंतर्गत जनजातीय कार्य विभाग के निर्माण कार्यों की जानकारी सहायक आयुक्त द्वारा दी गई। सदस्य रामजी रिन्कू मिश्रा ने उद्यानिकी विभाग की फूलों की खेती, एजुकेशन किट की खरीदी, जल और अवशोषण खन्ती, लघु तालाब निर्माण सामग्री तथा ग्राम रेउसा से मुरवा छोरकी के बीच पावन धाम चरण तीर्थ के विकास संबंधी मुद्दे उठाए गए। बैठक में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाल्मिकी राठौर ने स्कूल एवं आंगनबाड़ी संबंधी कार्यों के संबंध में मांग रखी।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न

# शांति, सद्भावना, गरिमामय, भाईचारे से मिलजुल कर सभी त्यौहार मनाने की अपील

अनूपपुर।

जिले की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप होली, ईद-उल-फितर, चैत्र नवरात्रि, रामनवमी, हनुमान जयंती त्यौहारों को शांतिपूर्ण, भाईचारे की भावना और हर्षोल्लास, उमंग, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिलजुल कर मनाया जाएगा। इस आशय की अपील कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में संपन्न शांति समिति की बैठक में की गई। बैठक में अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एसडीएम अनूपपुर सुधाकर सिंह बघेल, एसडीओपी अनूपपुर, यातायात प्रभारी श्रीमती ज्योति दुबे, सीएमओ अनूपपुर भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य सर्व संबंधित अधिकारी व शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। शांति समिति की बैठक में आगामी त्यौहार होली, ईद-उल-फितर, चैत्र नवरात्रि, रामनवमी, हनुमान जयंती को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेटियल ड्यूटी लगाए जाने तथा विभिन्न स्थानों पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के साथ राजस्व निरीक्षक, पटवारी की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नदियों के स्थानों को चिन्हित करते हुए होमगार्ड के गोताखोर, पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक तथा नगरीय क्षेत्रों में नगरीय प्रशासन के अमले की तैनातगी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने थाने के बल के साथ कोटवारों की भी ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक में त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए प्रमुख स्थानों पर आवश्यक अमले की तैनातगी तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सर्व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को आयोजन समिति से आवेदन प्राप्त कर अनुमति प्रदान करने संबंधी कार्यवाही के निर्देश दिए। शांति समिति के सदस्यों ने जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी। बैठक में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रख साफ-सफाई, जल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था, आकस्मिक घटनाओं को दृष्टिगत रख सभी नगरीय क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड एवं एम्बुलेंस की तैनातगी, बिजली के तार के नीचे सड़कों पर होली न जलाई जावे, इसका पालन करने तथा आवश्यकतानुसार पानी के टैंकर की व्यवस्था, होली के दिन शराब दुकानों में ड्राई डे पर शराब की बिक्री न हो इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक करने पर भी निर्णय लिया गया। त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था तथा जिला चिकित्सालय में आकस्मिक चिकित्सा स्टॉफ की ड्यूटी लगाए जाने के भी निर्देश दिए।

